पञ्चमोऽध्याय: कर्मसंन्यासयोगः [सम्पाद्यताम्] ॐ

अर्जुन उवाच

संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि ।

यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम् ॥

हे केशव निश्चित करे, उचित रहे क्या बात।

कर्म योग, सन्यास में, अच्छी है क्या बात ॥५– १॥

श्रीभगवानुवाच

संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ ।

तयोस्तु कर्मसंन्यासात्कर्मयोगो विशिष्यते ॥५– २॥

दोनों में कल्याण हैं, कर्मयोग – सन्यास।

होत श्रेष्ठ केशव कहे, कर्मयोगप्रवास

ज्ञेयः स नित्यसंन्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति ।

निर्द्वन्द्वो हि महाबाहो सुखं बन्धात्प्रमुच्यते ॥

कर्मवीर जप–तप करे, द्वेष रखे ना राग।

पार्थ उसे मुक्ति मिले,करे मोह का त्याग ॥५– ३॥

सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः ।

एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विन्दते फलम् ॥

अज्ञानी ही अलग कहे, कर्मयोग सन्यास।

दोनों से भगवन मिले, सम्यक करे प्रयास ॥५– ४॥

यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते ।

एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स: पश्यति ॥

मोक्ष ज्ञानयोगी चखे, कर्मयोगी भी पाय।

फर्क न दोनों में कहीं, ज्ञानीजन समझाय ॥५– ५॥

संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः ।

योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति ॥

कर्मयोग अनुभव बिना,कठिन मार्ग सन्यास।

कर्म समर्पित जब करे, रहे ब्रम्ह के पास ॥५– ६॥

योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः ।

सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते ॥

वश में जिसके मन रहे, लेय इन्द्रियाँ जीत।

नहीं लिप्त जो कर्म में, रहे आत्म का मीत ॥५– ७॥

नैव किंचित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित् ।

पश्यञ्श्रृण्वन्स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन्गच्छन्स्वपञ्श्वसन् ॥

देख, सुन, छू, सूंघ, चख, सोते, चलते, साँस।

सांख्ययोगी तत्व धनी, काज न समझे ख़ास ॥५– ८॥

प्रलपन्विसृजन्गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।

इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन् ॥

पकड़े बोले या तजे, खुली आँख या ध्यान

अलग अलग है इन्द्रियाँ, सबका अपना मान ॥५– ९॥

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।

लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥

आसक्ति को त्यागकर, करता अपना काम।

कर्म उसे छूता नहीं, कीच कमल सा धाम ॥५– १०॥

कायेन मनसा बुद्ध्या केवलैरिन्द्रियैरपि ।

योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये ॥

आसक्ति को त्यागकर, योगी करता काम।

तन मन बुद्धि इंद्रियाँ, करती अपना काम ॥५– ११॥

युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम् ।

अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते ॥

शांती कर्मठ को मिले,करके फल का त्याग।

कर्म बंधनों में फँसे, रखे काम से राग ॥५– १२॥

सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी ।

नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन् ॥

जिसके वश अन्तःकरण, रखे करम ना भार।

करवाये ना खुद करे, देह सुखी नौ द्वार ॥५– १३॥

न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः ।

न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥

ना तनधारी ख़ुद करे, ना करवाते काम

ये सारा है प्राकृतिक, वृत्ति का अंजाम ॥५– १४॥

नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः ।

अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः ॥५– १५॥

ईश्वर भी ना ग्रहण करे, पुण्य रहे या पाप।

ढँका ज्ञान, अज्ञान से, मोहित मानव आप ॥५– १५॥

ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः ।

तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम् ॥

आत्मज्ञान प्रकाश से, जाता है अज्ञान

फैले ज्ञान प्रकाश का, चमके सूर्य समान ॥५– १६॥

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।

गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥

मन बुद्धि सत् चित् आनन्द, यही निरंतर बात।

पापरहित ज्ञानी पुरुष, परमगती को जात ॥५– १७॥

विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।

शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ॥

गुणी विनयवत ब्राह्मण, गाय रहे या श्वान।

हाथी या चाण्डाल हो, ज्ञानी एक समान ॥५– १८॥

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः ।

निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः ॥

मन जिसका समभाव है, जीत लिया संसार।

है पवित्र परमात्मा, हो भवसागर पार ॥५– १९॥

न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम् ।

स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः ॥

प्रिय प्राप्ति में ख़ुशी नहीं, अप्रिय भी स्वीकार।

भाव सदा ही सम रहे, ईश्वर करते प्यार ॥५– २०॥

बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत् सुखम् ।

स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते ॥

राग नहीं जब जगत से, आत्मा ये सुख पाय।

ब्रम्हलीन योगी बने, अक्षय सुख पा जाय ॥५– २१॥

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते ।

आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः ॥

आदि हो या अंत रहे, भोग दुखों का योग।

अर्जुन ज्ञानी जानते, इंद्रिय सुख है रोग ॥५– २२॥

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात् ।

कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः ॥५

काम क्रोध को छोड़िये, फिर हो जग का त्याग।

वो नर ही बलवान है, योगी उसका राग ॥५– २३॥

योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्ज्योतिरेव यः ।

स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति ॥

जिस जन को अंदर मिले, सुख आनंदी ज्ञान

परम ब्रह्म को प्राप्त करे, योगी ऐसा जान ॥५– २४॥

लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः ।

छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः ॥५– २५॥

पाप नष्ट जिसके हुये, काटे संशय ज्ञान।

हितकारी हर जीव का, मिले ब्रम्ह तू जान ॥५– २५॥

कामक्रोधवियुक्तानां यतीनां यतचेतसाम् ।

अभितो ब्रह्मनिर्वाणं वर्तते विदितात्मनाम् ॥

काम क्रोध से हो रहित, अगर आत्म का ज्ञान

ऐसे ज्ञानी पुरुष में, रहते ब्रह्म विधान ॥५– २६॥

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः ।

प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ ॥

विषय भोग करता नही,रखता दृष्टि सुजान।

प्राण नियंत्रित जो करे, रख कर श्वास समान ॥५– २७॥

यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः ।

विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः ॥

जीत इन्द्रियाँ बुद्धि मन,मोक्षपरायण जीव

क्रोध भय से रहित रहे, रखे मोक्ष की नींव ॥५– २८॥

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम् ।

सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति ॥

भक्त यज्ञ तप भोगता, बने महेश्वर लोक।

स्वार्थ रहित प्रेमी बने, तय शांती परलोक ॥५– २९॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे

श्रीकृष्णार्जुनसंवादे कर्मसंन्यासयोगो नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥